Title: Need to pay arrears of the coal workers for the Bharat Bhraman under Leave Travel Concession (LTC).

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि भारत कोल लि. एवं सैंट्रल कोलफील्ड लि. में १९९४ से १९९९ तक का श्रमिकों का भारत भ्रमण का मामला लम्बित पड़ा हुआ है जिसके भुगतान में लगभग ४० करोड़ रुपया लागत लगेगा। लोकल प्रबन्धन ने वित्तीय अभाव दर्शाकर भुगतान नहीं किया, जबकि मजदूरों को बिना पैसा दिए भारत भ्रमण करने का अवकाश स्वीकृति किया जा रहा है।

इसलिए मेरा अनुरोध है कि कृपया यथाशीघ्र मजदूरों को भारत भ्रमण का बकाया राशि का भुगतान कराया जाए और मजदूर जो अपना पैसा खर्च कर भारत भ्रमण की यात्रा करते हैं, उस नियम को बंद किया जाए। निधि/राशि भुगतान की व्यवस्था कराने के बाद ही मजदूरों को भारत भ्रमण की स्वीकृति दी जाए।